20/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के डॉक्टर अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में कर्मयोगी सप्ताह- राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के जरिए ऐसे मानव संसाधन सृजित करना है जो हमारे देश के विकास की प्रेरक शक्ति बन सकें। श्री मोदी ने सुझाव दिया कि लोक सेवकों को नवीनतम प्रौद्योगिकी की जानकारी रखनी चाहिए ताकि नए मानदंड हासिल किए जा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी इस दिशा में सहायक साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने आईजीओटी प्लेटफार्म की भी सराहना की और कहा कि 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी इस प्लेटफार्म पर पंजीकृत हैं और 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, और विभिन्न पाठ्यक्रमों में 1.5 करोड़ से अधिक पूर्णता प्रमाणपत्र अधिकारियों को प्राप्त हुए हैं।

0000000000000000000000

तवांग अंतर्राष्ट्रीय मैराथन के दूसरे संस्करण की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि ‘क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन ’ कही जाने वाली इस उच्च ऊंचाई वाली मैराथन का आयोजन 24 अक्टूबर को भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सीमावर्ती शहर तवांग में नागरिक-सैन्य सौहार्द को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

राज्य सरकार ने इस आयोजन के लिए 2 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है, जिसमें 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ की पूर्ण और अर्ध-मैराथन में क्रमशः 5,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस आयोजन के लिए कुल पुरस्कार राशि 60 लाख रुपये है। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने बताया कि मैराथन के लिए अब तक 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ने राज्य में एक जैविक बहुविषयक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना और विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत केंद्र सरकार से धन आवंटन में वृद्धि की मांग की। शनिवार को नई दिल्ली के पूसा में एनएएससी कॉम्प्लेक्स में 'रबी अभियान 2024 के लिए कृषि' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने अरुणाचल में एक "कृषि विश्वविद्यालय" की स्थापना की मांग करते हुए सुझाव दिया कि राज्य में भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए सभी सीएसएस के लिए धन मौजूदा पैटर्न चार के बजाय दो किस्तों में जारी किया जाना चाहिए। अपने संबोधन में, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबंधित मंत्रियों द्वारा सुझाए गए सभी राज्यों की चिंताओं को दूर करने का आश्वासन दिया और कृषि मुद्दों को हल करने के लिए मजबूत केंद्र-राज्य समन्वय की वकालत की।

0000000000000000000000

केंद्र ने आधिकारिक तौर पर विजया किशोर राहतकर को राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। शनिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई नियुक्ति तीन साल की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। राहतकर का कार्यकाल तुरंत शुरू होगा। घोषणा भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, डॉ अर्चना मजूमदार को तीन साल के कार्यकाल के लिए आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। 0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव सुमेधा ने शनिवार को ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विज्ञान केंद्र और नवाचार केंद्र का दौरा किया। श्री गुप्ता ने तारामंडल तक सार्वजनिक पहुंच का विस्तार करने की संभावना पर चर्चा की, इस शो को बुकमाईशो जैसे लोकप्रिय बुकिंग प्लेटफॉर्म में शामिल करके आगंतुकों के लिए आसान पहुंच को सक्षम किया है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों और आम जनता दोनों को आकर्षित करने के लिए तारामंडल की सामग्री में विविधता लाने के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर ने आज अपने कार्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में ईटानगर के डीडी न्यूज, आकाशवाणी, एफटीआई और पीआईबी की क्षेत्रीय इकाइयों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक कृपा शंकर यादव ने सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे भी लगाए। श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र में केंद्रीय संचार ब्यूरो की सभी इकाइयां अपने-अपने कार्यालयों में हर सप्ताह सफाई अभियान चलाएगी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024-25 के लिए 29वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अपने शुरुआती मैच में मध्य प्रदेश को 8-0 से हरा दिया। गियानी रामचिंग मारा ने हैट्रिक बनाई, जबकि गुनाइलू तौसिक और एनी तायेंग ने दो-दो गोल किए। काई रूमी ने एक गोल किया। अरुणाचल अपना अगला मैच 21 अक्टूबर को ओडिशा के खिलाफ खेलेगा 0000000000000000000000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को भोपाल में कहा कि भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में बेहतर सड़क बुनियादी ढांचा होगा और केंद्र सरकार इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री गडकरी भोपाल में 'सड़क और पुल निर्माण में नवीनतम उभरते रुझान और प्रौद्योगिकियों' पर दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़क कनेक्टिविटी, जलमार्ग और रेलवे देश की आर्थिक वृद्धि में मदद कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने देश में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की संख्या पर भी चिंता व्यक्त की।

0000000000000000000000